जे0 पी0 ग्रुप ऑफ एजुकेशन के प्रागंण में 78वॉ स्वतंत्रता दिवस मनाया गया।

वियावानी स्थित जे0 पी0 ग्रुप ऑफ एजुकेशन परिसर में 78वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जे.पी. कॉलेज ऑफ एजुकेशन के प्राचार्य डॉ0 संजय कुमार, जे.पी. शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ0 पुनीत कुमार शुक्ला, जे.पी. इंस्टीच्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के प्राचार्य ई0 पूर्णेन्दु भूषण, जे.पी. कॉलेज ऑफ फार्मेसी के प्राचार्य डॉ0 राजीव कुमार, जे0 पी0 आई0टी0 के प्राचार्य ई0 राजीव कुमार चौधरी, जे0 पी0 इण्टरनेशनल स्कूल के प्राचार्य डॉ0 मणिकान्त कुमार, जे.पी. कॉलेज ऑफ लॉ के प्राचार्य सहित संस्थान में कार्यरत सभी शिक्षकगण, कर्मचारीगण एवं छात्र–छात्राओं की उपस्थिति में संस्थान के प्रशासनिक पदाधिकारी श्री एस दिवाकर के द्वारा ध्वजारोहण किया गया।

इस अवसर पर जे0 पी0 इण्टरनेशनल स्कूल के छात्रों द्वारा परेड का शानदार प्रदर्शन किया गया। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बी.एड. एवं डी.एल.एड. प्रशिक्षुओं एवं पॉलिटेक्नीक, आई0टी0आई0 एवं फार्मेसी के प्रशिक्षुओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

इस अवसर पर जे.पी. ग्रुप ऑफ एजुकेशन के सचिव श्री शैलेश कुमार ने शुभकामना देते हुए राष्ट्र के उन वीर सपूतों, क्रान्तिकारी नेताओं तथा स्वतंत्रता सेनानीयों के व्यक्तित्व व कृतित्व पर चर्चा की तथा कहा कि आज की पीढ़ी को उनके आदर्शों पर चलना चाहिए। मंच संचालन डॉ0 अशोक कुमार प्रियदर्शी ने किया एवं परेड का संचालन श्री संजय कुमार के द्वारा किया गया।

सधन्यवाद।

भवदीय